The motion was adopted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: We shall not take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 and 3 and the Schedule were added to the Bill,

Clause 1. the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI SHANTARAM POTDUKHE: Madam. I beg to move:

"That the Bill be returned."

The question was put and the motion was adopted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now. we would take up the Constitution (Seventy-Second Amendment) Bill. 1991 and the Constitution (Seventh-Third Amendment) Bill, 1991. I ask Mr. Venkat Swamy to move the Constitution (Seventy-Second Amendment) Bill, 1991.

I. THE CONSTITUTION (SEVENTY-SECOND AMENDMENT) BILL 1991

II. THE CONSTITUTION (SEVEN TY THIRD AMENDMENT) BILL, 1991

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT) (SHRI G. VENKAT SWAMY): Madam Chairman. Sir.. . .

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV (Maharashtra): Sir. please address her as 'Madam', not 'Sir'.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Never mind.

SHRI G. VENKAT SWAMY: It is ?. slip of the tongue. I am sorry.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: Madam, sometimes people think you to be "Sir'.

THE DEPUTY CHAIRMAN: We would have to make a constitutional amendment whether T am 'Madam' or 'Sir'

SHRI G. VENKAT SWAMY: Madam. I beg to move:

"That the Bill further to amend the Constitution of India, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

I Want to say something, Sir, regarding this Bill.. .. (Interruptions)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Never mind. Never mind.

श्री जी० वेंकटस्वामी : अगर आप इजाजत दें तो मैं हिन्दी में बोलूं ।

SHRI V. GOPALSAMY (TAMIL NADU): If he has started making his speech in English, why is he switching over to Hindi? That is very wrong.

उपसभापति : उनको बोलने दीजिये । हिन्दी में बोलिये उसमें सर और मैडम का चक्कर नहीं होता ।

SHRI V. GOPALSAMY: Because he addressed the Chair as 'Sir', he switched over to Hindi... *(Interruptions)* ...

उपसभापति : अगर वे हिन्दी में बोलना चाहते हैं तो आप क्यों ऐतराज कर रहे हैं ?

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : हिन्दी हमारी राष्ट्र-भाषा है, हम हिन्दी में सुनना चाहते हैं ।

उपसभापति : इसमें लड़ाई-झगड़ा नहीं होगा ।

We are not discussing Hindi or English, बोलिये, आप जरूर हिन्दी में बोलिये ।

श्री जी० वेंकटस्वामी : मैं इस 72वें अमेंडमेंट बिल, जो अभी-अभी लोकसभा से पास होकर राज्यसभा में आया है,

[श्री जी० वेंकटस्वामी]

जिसे मैंने अभी इस सदन के सामने स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रस्तुत किया है, इस सिलसिले में जो मेन प्वाइंट्स हैं, मैं ज्यादा वक्त नहीं लूंगा, थोड़े सा वक्त लेकर मैं इसको पूरा करने की कोशिश करूंगा।

इस बिल का जो मकसद है यह डीसेन्ट्रलाइजेशन करना है, पावर्स को ग्रास रूट लेवल तक ले जाना है और कई सालों से, महात्मा गांधी जी के समय से चले आ रहे इस सपने को हम आज पूरा करने जा रहे हैं। ग्राम लेवल में भी पंचायत बिल को लाकर वहां के लोगों के अंदर एक नया उत्साह पैदा करने का हमारा बुनियादी मकसद है। इसमें यह कहना जरूरी हो जाता है कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने हर स्टेट में जाकर इस मामले में, इस बिल को तैयार करने में काफी मेहनत की थी और उन्होंने यह कहा था कि यह बिल अगर पास हो जायेगा तो ग्रास रूट लेवल पर हमारे जो लोग हैं, पिछड़े हुए लोग हैं, शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राइब्स के जो लोग हैं और पार्टिक्युलरली वोमेन, जो स्त्री हैं, ऐसे सारे के सारे लोगों में एक जागृति आ सकती है। इस बिल का मैन उद्देश्य यह है कि इलेक्शन पांच साल में एक मर्तबा होना जरूरी है। आप जानते हैं कि हमारे कई राज्यों में कई सालों तक इलेक्शन नहीं होते, कई सालों से वे वगैर इलेक्शन के पड़े हुए हैं तो इसको कांस्टिट्यूशनल स्वरूप देकर पांच साल में एक बार इलेक्शन होकर ही रहना है, कोई इसको डिनाय न कर सके, अंडर दि कांस्टिट्यूशन यह जो है, एक ही महत्वपूर्ण चीज को हम इस बिल के माध्यम से लाये हैं। पांच साल के दौरान अगर कोई पंचायत, जिला परिषद और मंडल किसी तरह से भंग हुई तो उसको 6 महीने के अन्दर इलेक्शन कराना पड़ेगा। इसको भी इस बिल के अन्दर रखा गया है ताकि भंग होने के बाद किसी न किसी तरह से रोक देने के बाद स्टेट गवर्नमेंट को 6 महीने के अन्दर चुनाव कराना पड़ेगा जैसे कि अस्सेम्बलीज और पार्लियामेंट मैम्बर्स का होता है। मैं इस चीज को आपके सामने इसलिए ला रहा हूं कि इसमें हमारे देश के पिछड़े हुए लोग हैं और सब से महत्वपूर्ण चीज यह है कि जो शैड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लोग हैं उनको पूरी तरह से इसमें रिप्रेजेंटेशन दिया गया है। यही नहीं, बिलकुल डायरेक्ट इलेक्शन होगा। ग्राम पंचायत, ब्लाक से ले कर और जिला परिषद् तक डायरेक्ट इलेक्शन होंगे। वह जो लोग इलेक्ट होंगे चेयरपर्सन को इलेक्ट कर लेंगे। इतना ही नहीं वन थर्ड रिप्रेजेंटेशन स्त्रियों को दिया गया है। यह पहली मर्तबा स्त्रियों के लिए मौका मिला है। डायरेक्ट इलेक्शन मैम्बर का ही नहीं बल्कि चेयरपर्सन के लिए भी उनका रिजर्वेशन इसमें लाया गया है। तो यह बहुत ही एक नये ढंग से एक नयी डेमोक्रेसी ग्रास रूट लेवल से हम लाने की कोशिश कर रहे हैं।

Election to be conducted independently by the State Election Commissioner—

वन मैन कमिश्नर को हमने इसमें इलेक्शन इंडीपेंडेंटली कंडक्ट कराने के लिए ही रखा है ताकि चुनाव में कोई नीचे से ऊपर न हो और किसी किस्म का मतभेद न हो। यह बहुत ही इम्पोर्टेंट है।

Provision of State Finance Commission for sound finance of Panchayats

यह फाइनेंस कमिशन बहुत ही इम्पोर्टेंट है क्योंकि जब कभी पंचायत के इलेक्शन हो जाते हैं तो उनके पास फण्ड्ज रहते ही नहीं हैं और वह पंचायतों को चला ही नहीं सकते हैं। इसलिए उसके लिए भी प्रोविजन रखा है ताकि उनको फण्ड्ज के लिए स्टेट गवर्नमेंट की तरफ से उनको पूरी मदद पहुंचे और पंचायतें अच्छी तरह से अपना काम कर सकें। सही मायने में इस बिल का मेन उद्देश्य भी यही है। अगर पंचायतों को फाइनेंस नहीं पहुंचता है तो वह काम नहीं कर सकती है।

Powers and authority to be devolved on Panchayat in addition to the Subjects listed in Eleventh Schedule— •

यह इलेवंथ शैड्यूल बहुत ही इम्पोर्टेंट है। जो जो काम पंचायतों के जरिये करना है वह इलेवंथ शेड्यूल में रखा गया है। इलेवंथ शैड्यूल बहुत ही इम्पोर्टेंट है इस पंचायती राज के अन्दर और उसके अन्दर जो जो काम कर सकते हैं उन सारी चीजों को भी हमने इस बिल के अन्दर रखा है। सारे मैम्बरान उसको देख सकते हैं कि किस तरह से हमने इस बिल में इसको लाने की कोशिश की है। पंचायती राज के जो मुख्य उद्देश्य हैं उन सारे उद्देश्यों को हमने लाने की कोशिश की है। मैं आपसे कहना चाहता हूं और मैं यह ख्वाहिश करता हूं, आप जानते हैं कि राज्य सभा में पंचायती राज बिल एक बार डिफीट हुआ था, बड़ी कोशिशों के बाद, बड़ी मुद्दत के बाद इस बिल को हम बड़े उत्साह के साथ ला रहे हैं, लोक सभा के मैम्बरों ने इसको पास किया है, जिस उत्साह के साथ लोक सभा के मैम्बरों ने पास किया है, मुझे पूरी उम्मीद है कि राज्य सभा के सारे मैम्बरान भी इसको पास करेंगे। एक दो अमेंडमेंट आए हैं, मैं उम्मीद करता हूं कि उनको वापिस ले लेंगे और इस बिल को पास करेंगे। जो अंधकार गामों के अन्दर है उस अंधकार को निकालने के लिए बुनियादी पावर लोगों के हाथ में, गरीबों के हाथ में मिल रही है तो मैं समझता हूं कि सारे के सारे मैम्बरान इसको सपोर्ट करेंगे। इन चंद अल्फाज के साथ मैं एक बार फिर सारे मैम्बरान से दरख्वास्त करता हूं कि वे इसको

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRIMATI SHIELA KAUL): Madam, I beg to move:

> "That the Bill further to amend the Constitution of India, as passed by the Lok Sabha, bt taken into consideration."

Madam, I would like to explain a few things. This House is fully aware that as early as 1989 the then Prime Minister Shri Rajiv Gandhi, committed as he was to strengthen democracy at the grass root level, had introduced two Constitution Amendment Bills for according Constitutional status to the Fanchayate and Nagarpalikas. Unfortunately, at that time the Bills could not be carried through in the Rajya Sabha.

The Constitution (73rd Amend ment) Bill pertaining to Nagarpalikas was intrdouced in the Lok Sabha on, the 16th September, 1991. This Bill was referred to a Joint Parliament ary Committee consisting of repres entatives from both the Houses. I am indeed grateful to the Members of the Joint Parliamentary Commit tee and in particular to its Chairman, Shri Singh Deo, for the efforts they have made going through the various provisions of the Bill in detail and for making their recomm endations. The Committee has given its recommendations after hearing the views of various experts. The Committee also had the opportunity of visiting various municipalities and having detailed discussions with the elected representatives and officials of the municipal governments as well as State Governments.

Certain apprehensions have been expressed from time to time that this Bill could encroach upon the States' rights. Let me assure you that we have displayed utmost sensitivity to the basic framework of the Constitu tion and the Centre-State relation ship enshrined in the Constitution. The entry of the State List remains untouched. The authority of State Legislature is, in no way; sought to be diminished.' We are only amending the Constitution and we are not in terfering, in any way, with the States in regard to drafting of municipal laws. As would be clear from a reading of the Bill, we have left important matters to be decided by the State Legislatures or the State Governments All we seek to do through this Constitution Amendment Bill is

[Shrimati Shiela Kaul]

to lay down a basic framework which will ensure that the urban local bodies are in a position to function effectively as democratic units of self-government.

Having regard to the present inade quacies and with a view to restore the rightful place in political govern ance for urban local bodies it is con sidered necessary that they should be provided with a Constitutional status and necessary provisions to; (a) en sure regular and fair conduct of elections: (b) ensure term of five years for elected urban local bodies and election within six months, in cases of supersession; (c) provide for specific representation for women and the Scheduled Castes and the Sched uled Tribes; (d) provide the devolu tion of functions and powers to municipalities; and (e) provide for constitution of a State Finance Com mission every five years to ensure re gular devolution of resources to local bodies.

The Constitution Amendment Bill which is before you for your consid eration constitutes but the first stage of a process. Once these Bills are en acted we must carry this process for ward by ensuring appropriate amend ments to State legislations and there after ensuring effective executive im plementation. I am glad to inform this House that the Lok Sabha after due consideration has passed this Bill in its slitting on 22-12-92. Thank you. I now seek leave of the House to take up for consideration the Cons titution (73rd Amendment) Bill, 1991 as passed by the Lok Sabha. Thank you.

श्रीमती सुषमा स्वराज (हरियाणा) : उपसभापति महोदया, संविधान का 72वां और 73वां संशोधन विधेयक अभी-अभी दो मंत्रियों ने सदन में बहस और पारित करने के लिए रखा है।

महोदया, जिस अफरा-तफरी में यह विधेयक चर्चा के लिए लाये हैं और जिस तरह दो-तीन घंटे की बहस के बाद ही इनके पारित करने का समय रखा गया है, वह बेहद आपत्तिजनक है।

[उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) पीठासीन हुए]

इतने महत्वपूर्ण संशोधन, सत्र के आखिरी दिन आएं, बढ़ाए हुए दिन पर आयें और कार्यसूची में दर्शाये बिना आयें, इससे बड़ी अफसोसनाक बात और नहीं हो सकती। किंतु लगता है कि इस बिल के साथ जो एक पृष्ठ-भूमि जुड़ी हुई है, जिस पृष्ठ-भूमि ने इसे अपशकुनी बिल की संज्ञा दे दी है कि जब भी यह बिल पारित कराने के लिए लाया जाता है, तो सरकार चली जाती है—उसके चलते शायद किसी ने सरकार के लोगों को यह बताया हो, शासकों को यह बताया हो कि एक बार हड़बड़ी में ले जा करके इसको पास करा डालो, तभी यह पास होगा। तभी इसकी मनहूसियत टलेगी। शायद इस कारण से इसको इस गुपचुप तरीके से लाया गया है।

लेकिन आप तो गांधीवादी हैं, महोदय। मझे बहुत ही प्रसन्नता हुई, आप पीठ पर आसीन हुए हैं इस समय कि जब मुझे इसके ऊपर बोलना है। आप जानते हैं कि सरकार चाहे कोई भी प्रक्रिया अपनाये, इस बिल का जो कन्टेंट है, उसके महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता।

महोदय, पंचायत किसी भी प्रजा-तांत्रिक प्रणाली की नींव संस्था होती है और आप जानते हैं कि हमारे यहां तो स्वतंत्रता संग्राम के समय से इस बात पर बल दिया जाता रहा कि पंचायत हमारी शासन व्यवस्था की एक प्रमुख इकाई होनी चाहिए।

महात्मा गांधी राष्ट्रपिता थे, स्वतंत्रता आंदोलन के जनक थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने तो पंचायत की जो कल्पना

की थी, वह बहुत अभूतपूर्व थी। आपने तो उनके "हिंद स्वराज" के लेख भी पढ़ हैं। आपको उनके सम्पर्क में शायद सीधे आने का तो मौका नहीं मिला होगा, लेकिन उस विचारधारा से आप जुड़े रहे हैं। आप जानते हैं कि महात्मा गांधी ने पंचायत की कल्पना एक कंप्लीट रिपब्लिक के तौर पर की थी, एक पूर्ण गणतंत्र यानि एक ऐसी इकाई, जो स्वतंत्र होगी, जो स्वायत्त होगी, जो आत्म-निर्भर होगी और अपनी इस कल्पना को शाब्दिक रूप भी उन्होंने हिंद स्वराज के लेख में दिया था। वह सारा पढ़ने का समय तो नहीं है, लेकिन एक लाईन उसकी मैं पढ़ना चाहूंगी। "हिंद स्वराज" में गांधी जी ने लिखा था--

"My idea of the village Swarajya is that it is a complete republic, independent of its neighbours on its vital wants and yet interdependent on many others in which independence is a necessity."

यानी स्वतंत्र भी हो, स्वायत्त भी हो और आत्म-निर्भर भी—ऐसी पंचायती व्यवस्था की कल्पना गांधी जी ने की थी और वह चाहते थे कि जब भारत स्वतंत्र हो, उसके बाद जो संविधान बने, उस संविधान में हमारी शासन व्यवस्था के एक अंग के रूप में पंचायत को अंगीकार किया जाए। लेकिन मुझे बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है, महोदय, कि गांधी जी की इस प्रबल इच्छा की अनदेखी हमारे संविधान निर्माताओं ने की और शासन व्यवस्था के अंग के रूप में पंचायत को नहीं अपनाया। लेकिन बहुत लोगों का आग्रह था संविधान सभा में और वह चाहते थे कि कहीं न कहीं इसको स्थान जरूर मिलना चाहिए। उस आग्रह को वह नहीं टाल सके। इसलिए उन्होंने संविधान में इसको जगह तो दी, शासन व्यवस्था के अंग के रूप में नहीं, इकाई के रूप में नहीं, लेकिन संविधान की नीति निर्देशक सिद्धांतों के तहत इसको उन्होंने जगह देनी चाही। संविधान की धारा 40 जो नीति निर्देशक सिद्धांतों से संबंधित है, उसमें इसको अपनाया गया और धारा 40 में यह प्रावधान किया गया। "आर्गेनाइजेशन आफ विलेज पंचायत" उसका शीर्षक था—

"The States shall take steps to organise village panchayata and endow them with such powers and authority as may be necessary to enable them to function as unite of self-Government."

मैं इस चीज के ऊपर थोड़ा ध्यान दिलाना चाहूंगी, एज यूनिटस आफ सैल्फ-गवर्नमेंट—यह संविधान की धारा 40 के अंदर आया। लेकिन मुझे अफसोस से कहना पड़ता है, महोदय, कि इस सिद्धांत की पालना कम, अवमानना ज्यादा हुई। पंचायतों की रचना तो विभिन्न राज्य सरकारों ने की, लेकिन धीरे-धीरे ज्यों-ज्यों युग परिवर्तित होता गया और विकेंद्रीकरण का सिद्धांत केंद्रीयकरण की तरफ बढ़ता गया, त्यों-त्यों पंचायत बिलकुल एक रिडंडेंट इंस्टीटयूशन बन कर रह गई, पंचायत निष्प्रभावी संस्था बन कर रह गई। दस-दस पंद्रह-पंद्रह साल पंचायतों, नगर-पालिकाओं के चुनाव राज्य सरकारों ने नहीं करवाये। मैं स्वयं जिस राज्य से आती हूं, उस हरियाणा में सोलह साल तक नगरपालिका के चुनाव नहीं हुए। अंत में लोगों को हाई कोर्ट में जाना पड़ा रिट दाखिल करनी पड़ी। ऐसा केवल हरियाणा में नहीं हुआ, ऐसा बहुत से कांग्रेस शासित राज्यों में हुआ मुझे यहां कहना पड़ा बहुत से कांग्रेस शासित राज्यों में हुआ। महाराष्ट्र और गुजरात को अगर अपवाद के तौर पर छोड़ दें तो बाकी तमाम राज्य, जहां पंचायतें निष्प्रभावी हुई, दुर्भाग्य से कांग्रेस शासित राज्य थे। मुझे एक बात और दुख से कहनी पड़ती है। कुछ चीजों की अवमानना तो चोरी-छिपे होती है, गुप-चुप होती है, लेकिन यहां तो जब जाहिर अवमानना की गई जब लोग हाई कोर्ट में गए। उत्तर प्रदेश में एक मुकदमा हुआ अनुग्रह नारायण सिंह वर्सेस स्टेट आफ यू० पी० लोग जब पैटीशंस में गए तो राज्य सरकारों ने बेहयाई से हलफनामें दाखिल करके यह कहा कि पंचायतों को सुपरसीड करना तो संवैधानिक है। पंचायतों के चुनाव न करा करके प्रशासक बैठाना कोई अवैध नहीं है। बहुत दुख से यह बात कहनी पड़ती है

[श्रीमती सुषमा स्वराज]

और मैं उस हलफनामें की दो लाइनें, दो वाक्य पढ़ना चाहूंगी। महोदय, अनुग्रह नारायण सिंह वर्सेस स्टेट आफ यू०पी० में जब पैटीशनर्स गए तो मैं जजमेंटस से पढ़ना चाहती हूं। इलाहाबाद हाई कोर्ट की जजमेंट जो अनुग्रह नारायण सिंह के केस में निर्णय दिया गया, अपने आप में बहुत ऐतिहासिक निर्णय है। उसमें उन्होंने लिखा है, मैं यह एक पैराग्राफ आपकी अनुमति से पढ़ना चाहती हूं :

"

There have been petitions pending for many years complaining that to supersede local bodies with elected representatives as functionaries is unconstitutional."

यह उनका आरोप था ।

"The petitioners, in some petitions have pleaded that there must be a return to local self-governments."

जरा इन शब्दों को आप देखेंगे ।

"The petitioners have been confronted with vehemence by the State Governments and particularly by the local body of this city, as constituted without elected representatives there."

आगे के शब्द हैं ।

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA (Uttar Pradesh): That city was Allahabad.

SHRI SUSHMA SWARAJ; Yes, the city was Allahabad.

जो आगे की बात पढ़ रही हूं जरा ध्यान देने योग्य है । क्या इन्होंने आर्गूमेंट किया, इन्होंने क्या लाजिक दिया :

"To supersede a local government is Constitutional and the basis to that has been justified by law which permits this to happen."

यह जजेज कह रहे हैं ।

"The defence of the state is, given the occasion the right to supersede a local body is inherent in the State and cannot be questioned."

यह राज्य सरकारें जा करके हलफनामें दाखिल करती हैं और कहती हैं कि लोकल बाडीज को सुपरसीड करना संवैधानिक है, वैध है। किसी तरह का अवैध काम या किसी तरह का असंवधानिक काम हम लोग नहीं कर रहे हैं । यह तो जजज ने एक हिस्टोरिकल जजमेंट दिया जिसके माध्यम से बाद में वह चीज पलटी । लेकिन मैं आपसे यह कहना चाहती हूं कि केवल यही नहीं, कुछ राज्य सरकारों ने अपने यहां पंचायती संस्थाओं को सुदृढ़ करना चाहा । उन्होंने अपने-अपने अलग-अलग एक्ट बनाए । मौजूदा जो एक्ट थे उनके अन्दर संशोधन किए । कर्नाटक इसका उदाहरण है। कर्नाटक ने चुनावी अनिवार्यता निरुपित करते हुए एक एक्ट बनाया शैड्यूल्ड कास्टस शैडयूल्ड ट्राइब्स विमेंस को रिप्रेजेंटेशन दिया। मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने एक्ट बनाया। उन्होंने शडयूल्ड कास्ट्स शैड्यूड ट्राइब्स और विमेंस को रिप्रेजेंटेशन दिया। पश्चिमी बंगाल, दीपेनदा कह रहे हैं उनको लगता है जैसे मैं उनकी बात कहना भूल जाऊंगी, अगर आपने कोई प्रशंसनीय कार्य किया है तो सब से पहले मैं उसका जिक्र करूंगी, भूलूंगी नहीं । पंचायत के मामले में... (व्यवधान)

श्री सुरेश पचौरी : (मध्य प्रदेश) आपकी आज्ञा हो तो...

श्रीमती सुषमा स्वराज : : आप को शायद बोलना हैं पचौरी जी, तब बोल लीजिएगा ।

श्री सुरेश पचौरी : प्वायंट आफ इन्फर्मेशन केवल, अगर आप आज्ञा दें ?

श्रीमती सुषमा स्वराज : मैं बैठने को तैयार हूं ।

श्री सुरेश पचौरी : जो आपने मुद्दा उठाया है कि भारतीय जनता पार्टी... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : कृपया बैठें। बैठ जाइये । आप को अगर आज्ञा लेनी हो तो चेयर से ले सकते हैं, आप माननीय सदस्य से नहीं ।

श्री सुरेश पचौरी : हम आपकी आज्ञा चाह रहे हैं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : इसलिए आप पुनः उठ कर आज्ञा मुझ से लें, तब अपनी बात कहें ।

श्री सुरेश पचौरी : मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से माननीया सदस्या का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी का जो जिक्र उन्होंने किया है उस भारतीय जनता पार्टी के दौर में पंचायत के चुनाव मध्य प्रदेश में नहीं हुए, लिहाजा आरक्षण का प्रश्न ही नहीं उठता है । नंबर दो, जो निर्वाचित पंचायतें थी साढ़े ग्यारह हजार पिछले दिनों हमने इसी हाउस में उस मुद्दे को उठाया है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : पचौरी जी, आप बोल भी रहे हैं । . . . (व्यवधान)

श्री सुरेश पचौरी : भंग करके. . . (व्यवधान) . . .लोगों को नामांकित किया गया ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : पचौरी जी आप बोल भी रहे हैं । . . . (व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : : महोदय, मैं चाह रही थी कि वह अपने समय पर बोलें, लेकिन जब उन्होंने यह बात कही है तो मैं बता दूं कि जिस चीज के बारे में मालूम हो, उसके बाद भी उसको छिपाकर बोलना सही बात नहीं है । जानते हैं पचौरी जी कि चुनाव क्यों नहीं हुए । इस एक्ट के पास होने के बाद जब चुनाव कराने की बात आई तो कुछ लोग कोर्ट में चले गए और कोर्ट में उन्होंने कहा कि क्योंकि कांस्टीट्यूएंसीज का आपने रिफार्म नहीं किया इसलिए वह नहीं हुए और कोर्ट ने स्टे दे दिया । इस तथ्य को पचौरी जी भली-भांति जानते हैं, सदन में उसे न छिपाकर कहें तो ज्यादा अच्छी बात है ।

तो मैं कह रही थी कामरेड दीपेन दा कि पश्चिम बंगाल की पंचायती संस्थाओं का जहां तक सवाल है, रिकार्ड बहुत अच्छा रहा है । इसीलिए मैंने जिस समय कहा कि जहां चुनाव नहीं हुए वहां कांग्रेस शासित राज्यों का खास तौर पर जिक्र किया क्योंकि दूसरे दलों की जब सरकारें आई तो उन्होंने पंचायती संस्थाओं को प्रभावी बनाने के लिए कदम उठाए हैं और पश्चिम बंगाल में जब से वामपंथियों का राज रहा है, पंचायतों के चुनाव समय पर हुए हैं, अनिवार्य अवधि के अंदर हुए हैं और बहुत अच्छा रिकार्ड रहा है । इसमें मैं तो स्वयं आपकी प्रशंसा करना चाहती हूं । आपको इशारा कर के प्रशंसा करवाने की जरूरत नहीं है ।

श्री संघ प्रिय गौतम: (उत्तर प्रदेश) : निन्दा तो इस बात की है कि कांग्रसियों से मिले हुए हैं ये ।

श्रीमती सुषमा स्वराज : तो मैं कह रही थी कि जिन सरकारों ने पंचायतों को सुदृढ़ करने के लिए अपने यहां कदम उठाए वहां भी उनकी उत्तराधिकारी सरकारों ने आकर उन कानूनों में संशोधन कर के उन प्रभावों को निरस्त कर दिया, यह अफसोसनाक बात है । मैं कर्नाटक का उदाहरण दे रही थी कि कर्नाटक में जब यह एक्ट बना जिसमें कि उन्होंने यह कहा कि 5 वर्ष की निर्धारित अवधि के अंदर चुनाव जरुर होंगे, एक अवधि निर्धारित कर दी उन्होंने । उसके बाद जब कांग्रेस की सरकार आई तो उन्होंने उस कानून में भी संशोधन कर के उस चुनाव की जो अनिवार्यता थी, उसको निरस्त कर दिया । यह अफसोसनाक बात है । उन्होंने वहां प्रशासक बिठा दिया । हो सकता है कि जैसे पचौरी जी बोले, अगर कर्नाटक के कोई माननीय सदस्य बैठे होते, हनुमनतप्पा जी वगैरा तो वह यही बात कहते कि नहीं, हमने तो इसलिए निरस्त किए, इसलिए प्रशासक बिठाया क्योंकि यह बिल यहां पार्लियामेंट में पेंडिंग था और इस बिल के पास होने का हम इंतजार कर रहे थे । महोदय, यह बात मैं कल्पना से नहीं कह रही हूं बल्कि इसलिए कह रही हूं कि जब कर्नाटक के लोग हाईकोर्ट में गए तो

[श्रीमती सुषमा स्वराज]

वहां कर्नाटक की सरकार ने यही प्ली ली, कर्नाटक की सरकार ने यही आर्गुमेंट किया कि क्योंकि पार्लियामेंट में एक बिल पेंडिंग है इसके ऊपर, हम उसका इंतजार कर रहे हैं । महोदय, मुझे यह बात समझ नहीं आती क्योंकि तर्क हास्यास्पद जरूर होते हैं, लेकिन बेहूदगी की हद तक कोई तर्क हास्यास्पद हो जाएगा, इसके बारे में क्या कहा जाय ? यानी जो बिल पार्लियामेंट में पेंडिंग था, उस बिल की भावना निर्धारित अवधि में चुनाव करवाने की थी और उस बिल की भावना के अनुरूप वह चुनाव कराने में विलंब किया जा रहा है, यह बेहूदा और हास्यास्पद तर्क देकर कर्नाटक की राज्य सरकार ने अपने केस की पैरवी की, लेकिन मुझे बहुत खुशी है कि कर्नाटक की हायकोर्ट ने एक ऐसा ऐतिहासिक निर्णय दिया है पंचायत संस्थाओं के बारे में जोकि 'एक मील का पत्थर' साबित होगा। महोदय, मेरे पास उस जजमेंट की प्रति है। वह बहुत बड़ा जजमेंट है । उसमें बहुत अच्छे पैराग्राफ्स लिखे गए हैं जोकि कोटबल भी है । मैं बहुत थोड़ा समय लेकर इस में से केवल दो-तीन चीजें पढ़ना चाहूंगी जोकि आज के इस संदर्भ में बहुत ही प्रासंगिक हैं । महोदय, एक बात तो उन्होंने जो बहुत सुंदर कही वह यह है कि

"It local government is the fabric of the Constitution, then it must function in continuity."

तो इसको निरंतरता में काम करना चाहिए ।

"...then it must funntion in continuity except where its dissolution or supersession is for a very temporary period."

जिसका कि प्रावधान 6 महीने का एक्ट में भी है, कर्नाटक के एक्ट में भी था, लेकिन एक बहुत ही अच्छी बात कही उन्होंने कि

the process which degrades local self government to local government."

महोदय, मैंने जब आर्टीकल-40 पढ़ा था तो आपसे कहा था कि मैं इस पर ध्यान दिलवा रही हूं "units of self-government"

संविधान की जो भावना थी, वह यह थी कि यह सेल्फ गवर्नमेंट की यूनिट के तौर पर वर्क करेगी । उसको बहुत ही सुंदर भाषा में कर्नाटक की हायकोर्ट के न्यायाधीशों ने इसमें लिखा है

"The process which degrades local self-government to local government is hostile to the text of Constitution and is arbitrary to the? core as it is laying down the foundation for the destruction of parliamentary government which cannot exist except for its roots in local self-government."

इतने खूबसूरत शब्दों के अंदर यह बात उन्होंने कही है । तो वही मैं कहना चाहती हूं कि संविधान में जिस समय लोकल यूनिटस की, स्थानीय निकायों की कल्पना की गयी थी तो यह नहीं की थी कि प्रशासक राज्य सरकारें उन स्थानीय निकायों का प्रशासन चलाएंगी बल्कि यह की थी कि जनता अपने चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से अपना शासन चलाएगी । इसीलिए इसमें एक जगह और यह कहा है, इस लोकल गवर्नमेंट के मायने है—

'Government by the people, of the people, for the people, not administrators appointed by the State Governments.

यह बात भी इन्होंने कही है । तो मैं यहां यह कहना चाहती हूं कि चूंकि इस तरह के वाकयात हो रहे थे, जिन राज्य सरकारों ने स्वयं अपनी तरफ से पहल करके पंचायतों को सुदृढ़ करने की कोशिश की वहां भी उनकी उत्तराधिकारी सरकारों ने उनको निष्प्रभावी बनाया, तो यह बेहद जरूरी हो गया कि संसद की तरफ से ही एक ऐसा संविधान संशोधन आए, जिससे पंचायत को शासन व्यवस्था

की एक संवैधानिक इकाई के रूप में माना जाए । आज चूंकि यह विधेयक इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है, इसलिए मैं इस विधेयक का स्वागत करने के लिए खड़ी हुई हूं, समर्थन करने के लिए खड़ी हुई हूं । वाकई में यह एक मील का पत्थर साबित होने वाला है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जहां तक इसके प्रावधानों का सवाल है । कुछ प्रावधानों का जिक्र मंत्री महोदय ने किया, जो वाकई स्वागत योग्य है और जिनके अंदर किसी तरह का कोई विवाद नहीं है । सबसे पहला है चुनाव का निर्धारित अवधि में कराया जाना । आज तक कंस्टीट्यूशनल ओब्लीगेशन, एक संवैधानिक जिम्मेदारी यह बिल राज्य सरकारों पर डाल रहा है। वह किसी भी एक बहाने से, कोई भी बहाना गढ़ कर पंचायतों के चुनावों में विलंब नहीं कर पाएंगे, देरी नहीं कर पाएंगे । पांच साल के भीतर उन्हें चुनाव कराना है । पांचवां साल जब लगेगा तब चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी और ज्यादा से ज्यादा अगर कहीं कोई डिजोल्व या कुछ करना पड़ा तो भी छह महीने के अंदर, यानि पंचायत के विघटन के छह महीने के भीतर भीतर उन्हें चुनाव कराने पड़ेंगे । यह एक जो संवैधानिक धारा इसमें डाली जा रही है, इसके लिए मैं मंत्री जी को धन्यवाद देती हूं कि चुनावों का निर्धारित अवधि में कराया जाना, अनिवार्य रूप से कराया जाना जो इस बिल के अंदर किया गया है वह वाकई स्वागत के योग्य है ।

दूसरे, इस बिल में जो धारा है 243 (बी), जिसमें शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के आरक्षण और महिलाओं के आरक्षण का जिक्र है, यह बहुत ही स्वागत योग्य कदम है । आमतौर पर हमने यह देखा है कि जब भी विधानसभाओं के या संसद के चुनाव आते हैं तो कोई पार्टी हो अपने चुनाव घोषणा-पत्र में लिखे भी कि हम 10 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देंगे, लेकिन जब देने का समय आता है तो एक तर्क उठता है कि साहब, योग्य व्यक्ति उपलब्ध नहीं हैं, हम कहां से दें । हम देना चाहते हैं, लेकिन कोई ऐसा योग्य व्यक्ति उपलब्ध नहीं है । तो यह एक शुरुआत होगी । यह पंचायत नर्सरीज होंगी प्रजातांत्रिक प्रणाली की । पंचायत एक ट्रेनिंग ग्राउन्ड होंगी, नगर-पालिकायें एक ऐसी ट्रेनिंग ग्राउन्ड होंगी, जहां लोगों को शासन करने का प्रशिक्षण मिल सकेगा । उन छोटी इकाइयों से शिरकत प्रारंभ होगी और इसमें यह लाजिमी कर दिया गया है कि 30 प्रतिशत महिलायें जरूर आएंगी । . . .

एक माननीय सदस्य : एक तिहाई ।

श्रीमती सुषमा स्वराज : अच्छा, एक तिहाई महिलायें जरूर होंगी, शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज जरूर होंगे चाहे कोई चाहे या न चाहें । मुझे मालूम है, यह पुरुष वर्चस्व समाज है और उसमें भी सवर्ण पुरुष वर्चस्व समाज है । यहां पर दलितों को बहुत कम जगह मिल पाती है, लेकिन जब संवैधानिक अनिवार्यता उन पर डाली जाए तो जरूरी हो जाएगा । अब जैसे आजकल विधान-सभाओं में रिजर्वेशन है, पार्लियामेंट में रिजर्वेशन है तो भले ही उनके मन में हो या न हो, जो कंस्टीट्यून्सी रिजर्व है, वहां उनको शेड्यूल्ड कास्ट को देना ही पड़ता है, सेडयूल्ड ट्राइब को देना ही पड़ता है और वहां से इतने योग्य-योग्य लोग आ रहे हैं । हमारे अपने उपराष्ट्रपति जी बने हैं के नारायणन जी, कितना जीता-जागता उदाहरण है इस बात का । यानि यदि अपोर्चुनिटि मिले, अगर अवसर दिया जाय तो कोई व्यक्ति ऐसा नहीं है, जो फले-फूले नहीं या उस अपोर्चुनिटि का लाभ उठाकर अपनी योग्यता प्रदर्शित न कर सके । अगर प्रतिभा जन्म से कुण्ठित कर दी जाएगी, अगर प्रतिभा को उभरने का मौका ही नहीं दिया जाएगा तो वर्चस्व रखने वाला समाज तो कहेगा ही कि हां, योग्य व्यक्ति नहीं है । महिलाओं के बारे में तो ऐसा कोई प्रावधान विधान-सभा और संसद में भी नहीं है । तो आम तौर पर यह बात उठाई जाती है । जहां महिला विंग अलग-अलग पार्टियों के हैं, मुझे मालूम है, हर जगह कहते हैं कि साहब, कुछ महिलाओं को मौका दीजिए, अच्छी है । मगर, पुरुष बैठकर जब निर्णय करते हैं तो कह देते हैं कि भाई, योग्य महिला नहीं है, जीत नहीं सकती

[श्रीमति सुषमा स्वराज]

है, अपने को जीतना ज्यादा जरूरी है। इसलिए बहुत कम महिलायें आती हैं। लेकिन, अब यह एक ऐसा लाजिमी प्रोविजन आ गया है, पंचायतों में, नगर पालिकाओं में, ब्लाक लेवल पर, जिला लेवल पर एक तिहाई बहुमत महिलाओं का होगा, शड्यूल्ड कास्ट का होगा, शेड्यूल्ड ट्राइब्ज का होगा और यह लोग बकायदा शासन करने की एक इकाई का एक प्रमुख अंग होंगे। ऐसे शिरकत प्रारंभ हो जाएगी और इस बात में कोई वजन ही नहीं रह जाएगा कि हमारे पास योग्य महिलायें उपलब्ध नहीं हैं या हमारे पास योग्य अनुसूचित जाति के लोग उपलब्ध नहीं हैं। यह बहुत बड़ी बात है। मैं आपको बताऊं कि उड़ीसा में चुनाव हुए और वहां 14 हजार महिलाएं चुनकर के आई पंचायतों में, 14 हजार बहनें और आज वे बैठकर कह रही हैं कि हमें काम दीजिए, हमारे पास कोई काम नहीं है, हमें काम दीजिए। कर्नाटक में बहनें चुनकर के आई हजारों की संख्या में। आप देखिएगा कि हजारों की संख्या में एक-एक स्टेट से बहनें चुनकर आएंगी। कुल मिलाकर जब देश के संदर्भ में आप देखेंगे तो एक बड़ी फौज लाखों महिलाओं की तैयार होगी। कौन पुरुष उस समय टिकट वितरण करते समय विधान सभा में या संसद में यह तर्क दे सकेगा कि हमारे पास योग्य महिलाएं उपलब्ध नहीं हैं या हमारे पास शेड्यूल कास्ट अथवा शेड्यूल ट्राइब्स के लोग उपलब्ध नहीं हैं। एक ऐसा ट्रेनिंग ग्राऊंड तैयार हो रहा है, एक ऐसा प्रशिक्षण शिविर, एक ऐसी नर्सरी, जहां पर बहुत बड़ी संख्या में बहनें आएंगी, बहुत बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति, जनजाति के लोग आएंगे, स्वयं शासन करेंगे। फिर बहुत अच्छा प्रावधान है कि जो सभापति बनेंगे, उनमें भी इसका प्रावधान रखा गया है, यानी उनको सुविधा के तौर पर काम करने का एक मौका मिलेगा, अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का और वह एक बात जिसकी कि गांधी जी कल्पना करते थे, जिसके लिए उन्होंने पंचायत की कल्पना की थी कि जब नीचे से एक प्रक्रिया प्रारंभ होगी तो ऊपर तक उन लोगों की शिरकत होती चली जाएगी और यह जो आरक्षण के प्रावधान हैं न, जिनके ऊपर दूसरे लोगों को लगता है कि जैसे हम कोई एहसान उनके ऊपर कर रहे हैं, वह एहसान समाप्त होगा और स्वयं शिरकत करके हमारी पूरी शासन व्यवस्था का एक प्रमुख अंग वह शोषित और पीड़ित वर्ग हो सकेगा जिसमें महिलाएं भी आती हैं, जिसमें अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग भी आते हैं।

श्री अनन्त राम जायसवाल (उत्तर प्रदेश) : एक एडवान्टेज और हो जाएगा सुषमा जी यहां हाजिरी बढ़ जाएगी।

श्रीमती सुषमा स्वराज : महोदय, तीसरी बात जो इस बिल के अंदर अच्छी है लेकिन थोड़ा सा उसके ऊपर मैं कहना चाहूंगी, वह है इसके वित्तीय और प्रशासनिक अधिकारों के बारे में। इस बिल में यह प्रावधान किया गया है कि राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करेंगी कि उनको वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार दिए जाएं। लेकिन इसके ऊपर एक बहुत बड़ा सवालिया निशान लगा हुआ है, एक बहुत बड़ा प्रश्न-चिन्ह लगा हुआ है। पहली बात तो यह है कि एक ऐसी प्रवृत्ति चल पड़ी है कि जिसके हाथ में जो अधिकार आ गया है, वह उसको छोड़ना नहीं चाहता और इसी प्रवृत्ति ने केंद्रीयकरण की प्रवृत्ति को बल दिया है। मेरे हाथ में इतना सब कुछ है, मैं इसे नीचे कैसे दे दूं, मेरे अधिकार कम हो जायेंगे। यह प्रवृत्ति केंद्रीय सरकार से शुरू हुई, उसके बाद राज्य सरकारों में आई और यही कारण हुआ कि राज्य सरकारों ने पंचायती संस्थाओं को निष्प्रभावी करने की कोशिश की। आज इसमें प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारों का जिक्र तो है लेकिन वह अपने आप में काफी नहीं है। मैं आपसे कहना चाहूंगी कि अगर आप वित्तीय अधिकार और प्रशासनिक पूरे अधिकार पंचायती संस्थाओं को नहीं देंगे तो यह पंचायती संस्थायें निष्प्रभावी बनकर रह जाएंगी और केवल निष्प्रभावी नहीं होंगी, एक और इसका दोष होगा कि फिर पंचायतों में बैठे हुए प्रतिनिधि जनता का कोप-भाजन बनेंगे, जनता के गुस्से का पात्र बनेंगे क्योंकि आज यह बिल उम्मीद जगा रहा है ...(**समय की घंटी**)...

आज यह बिल अपेक्षाएं दिखा रहा है, आज यह बिल यह कहकर लाया जा रहा है कि सत्ता नीचे की ओर, सत्ता गांव की ओर, सत्ता तुम्हारी जेब में देने के लिए हम यह बिल ला रहे हैं, इसलिए हर व्यक्ति, हर भारतीय इसका स्वागत कर रहा है । लेकिन कल जब पंचायतों के चुनाव तो हो जाएंगे, इंटरमीडिएट लेवल पर भी चुनाव हो जाएंगे, जिला-स्तर पर भी चुनाव हो जाएंगे, लेकिन वहां के लोग केवल जब दर्शनीय जीव बनाकर बैठा दिए जाएंगे और कोई वित्तीय अधिकार या प्रशासनिक अधिकार उनके हाथ में नहीं होगा तो लोग कहेंगे, लोग आपके पास नहीं आएंगे, लोग अपना गुस्सा उनके ऊपर जाकर उतारेंगे । लोग कहेंगे कि हमने तो चुनकर तुम्हें भेज दिया अब सड़क क्यों नहीं बन रही है, गांव की गली पक्की क्यों नहीं हो रही है, गांव का स्कूल क्यों नहीं चल रहा, गांव में अस्पताल क्यों नहीं खुल रहा है ? और वे जब अपनी मजबूरी बताएंगे कि हमारे पास तो कोई प्रशासनिक या वित्तीय अधिकार नहीं है तो लोग उसको मानेंगे नहीं और फिर यह कहेंगे कि इससे तो पहला शासन ही अच्छा था । तो यह जो एक बहुत बड़ा सवालिया निशान इसके ऊपर लगा हुआ है, क्योंकि मैं जब हरियाणा में मंत्री थी, हमारे यहां यह एक प्रावधान था कि हर मंत्री जिले की जो ग्रीवेन्सिस कमेटी है, उसका चैयरमैन होता था । तो मैं कुरुक्षेत्र जिले की चैयरमैन थी । यह जो आई०आर० डी०पी० और आर० एल० ई० जी० पी० के नीचे पैसा जाता है, इस सारे पैसे का वितरण उस मंत्री की सदारत में होता था । मैंने वहां के सारे एम०एल०एज० को बुलवाया, इससे पहले यह प्रथा नहीं थी, लेकिन मैंने कुरुक्षेत्र के जो 8 विधायक थे, उनको बुलवाया और उनको कहा कि देखो यह पैसा तुम्हारे क्षेत्र के विकास के लिए आया है । इसलिए मैं चाहूंगी कि इसका वितरण तुम्हारी मरजी से हो । तो कुल जो पैसा था उसका कुछ भाग उस जिले की जो केंद्रीय योजना थी, उसके लिए रखकर मैंने कहा कि बाकी यह पैसा बराबर-बराबर सबमें बांट देती हूं । लेकिन इस पैसे का उपयोग अब नीचे अपने यहां के सरपंचों से, पंचों से, ब्लोक के लोगों से तय करके करना है, क्योंकि हर क्षेत्र की अलग चीजें हैं । किसी गांव में स्कूल तो है वहां सड़क पक्की होनी है, कहीं पर अस्पताल कि बिल्डिंग बननी है, कहीं किसी स्कूल का कमरा बनना है, कहीं नलकूप खोदना है । तो अपनी-अपनी जरूरत के मुताबिक इसको तुम करलो और बी०डी० ओ० इसमें तुम्हारी मदद करेगा । इस बात को थ्योरिटिकल तौर पर एम०एल० एज० ने बहुत सराहा और कहा कि पैसा उनकी मरजी के मुताबिक बंट गया है । उन्होंने जाकर मुख्य मंत्री से कहा भी । (**समय की घंटी**) देखिए, महोदय, इसमें कांग्रेस के लोग बोलने वाले नहीं हैं । उन्होंने यह कहा है कि सारा का सारा समय हम लोगों को दिया जाएगा ।

(Time Bell rings). We were promised that we will be given sufficient time, the Congress withdrawing their speakers.

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : नहीं, वह बोल रहे हैं । लिस्ट तो उन्होंने ही दी है । मैं आपको बताऊं.... **(व्यवधान)**

SHRI V. GOPALSAMY; That was the understanding that was arrived at. *(Interruptions).* Even Mr. Jacob just now informed us that they will be withdrawing their names. With this understanding we agreed to have a discussion.

श्रीमती सुषमा स्वराज : बी० ए० सी० के अन्दर क्या घटा, इसका जिक्र नहीं करना चाहती थी । लेकिन उसका जिक्र गोपालसामी जी ने किया है । इतना महत्वपूर्ण विधेयक आप आखिरी दिन लाए और उस पर हमें चर्चा का मौका भी न दें तो यह तो हमारे साथ अन्याय करना होगा । थोड़ा सा समय तो आप दीजिए । मैं तो केवल संबंधित पोइंटस को ही छू रही हूं । अगर मैं कोई अप्रासंगिक बात कह रही हूं तो आप मुझे रोक सकते हैं । लेकिन कम से कम प्रासंगिक बात तो आप मुझे कहने दीजिए ।

[श्रीमती सुषमा स्वराज]

तो मैं आपसे कह रही थी कि वहां यह पैसा तो दे दिया गया, थ्योरिटिकल तौर पर बहुत खुश हुए। जाकर मुख्य मंत्री से भी कहा कि देखिए, हमको पहली बार लगा कि हम एम.एल.ए. हैं और हमारे यहां पैसा आया है। लेकिन व्यवहारिक स्तर पर जब काम करने की बात आई तो अधिकारियों ने उनका उस तरह से सहयोग नहीं दिया जिस तरह की मैंने कल्पना की थी। वहां उन्होंने कहा कि नहीं-नहीं, यह काम ऐसे नहीं हो सकता, यह इतने में नहीं हो सकता, इसको आप बदलिए, यह करिए, । इस तरह वह व्यवहारिक स्तर पर सारी चीज ध्वस्त हो गई। तो मैं एक बात आपसे कहना चाहती हूं कि वित्तीय अधिकार और प्रशासनिक अधिकार इन दोनों का आपस में सामंजस्य चाहिए। आप वित्तीय अधिकार दे दें और प्रशासनिक अधिकार न दें तो पैसा तो होगा मगर कार्यकारी एजेंसी उनकी बात मानेगी नहीं। और अगर आप प्रशासनिक अधिकार दें दें कि आप साहब, निगरानी रखिए और वित्तीय अधिकार न दें तो यह केवल कहते रहेंगे कि एक्शन प्लान बना लिया और कार्यकारी एजेंसी कहेगी कि पैसा तो है नहीं। यह दोनों चीजें आपस में इंटरलिंक हैं। जब तक आप वित्तीय अधिकार और प्रशासनिक अधिकार इन पंचायत के प्रतिनिधियों को नहीं देंगे तो वही साबित होगा, महोदय, जो हमारे गांव में एक कहावत है, आप तो जानते होंगे कि कई बार सास कहती है बहू को कि "घरबार तेरा पर कोठरी को हाथ नहीं लगाना" तो वह घरबार तो दे दिया आपने, पंचायत के सारे लोग चुनकर भेज दिए, मगर कोठरी को हाथ नहीं लगाना। तो वह करेंगे क्या ? वे केवल दर्शनी-दिया बनकर के बैठ जायेंगे और जनता के क्रोध का भोजन बनेंगे। इसलिए मैं बार-बार आपसे इस बात को कहना चाहती हूं कि वित्तीय अधिकार के साथ प्रशासनिक अधिकार, इन दोनों का दिया जाना बहुत जरूरी है।

मैं इसका एक और उदाहरण दे दूं। यह बहुत जीता-जागता उदाहरण है हमारी जे.आर.वाई.—जवाहर रोजगार योजना, जो आपने पंचायतों के माध्यम से चलानी चाही थी। लेकिन जिसमें जो कार्यकारी एजेंसी थी, वह अधिकार रखे हुए थी। उसकी विफलता को तो आपने सुना है, जाना है। मैं अपनी ओर से नहीं कह रही हूं। मैं तो विपक्ष की हूं, हो सकता है कि मैं कोई आंकड़ा दूं तो आप कहेंगे कि कहीं से मैं तोड़-मरोड़ कर लाई हूं। उपसभाध्यक्ष जी, जे.आर.वाई. का एक आकलन है—प्लानिंग कमीशन का। प्लानिंग कमीशन यानी सरकार के योजना आयोग का "प्रोग्राम इन इवैल्यूएशन आर्गनाइजेशन" इन्होंने प्रोग्राम इन इवैल्यूएशन आर्गनाइजेशन में जवाहर रोजगार योजना की एक स्टडी की। 1991-92 की उसकी रिपोर्ट है। आपके सरकारी आंकड़ों को पढ़कर के बताऊं। उपसभाध्यक्ष जी, सिर्फ दो पैराग्राफ पढ़ूंगी। इस जवाहर रोजगार योजना का कितना लम्बा-चौड़ा ताना-बाना बनाया गया था और कितनी इसमें उदघोषणाएं हुई थी और कहा गया था साहब, यह तो इतना-इतना एम्प्लोयमेंट दे देगी और जो ग्रामीण विकास के लिए चलने वाले कार्यक्रम थे, सबको क्लब कर दिया गया था। और कहा था कि जवाहर रोजगार योजना चलाएगी। यह प्लानिंग कमीशन की अपनी एक संस्था द्वारा किया गया सर्वेक्षण है, जो उसकी सफलता की एक कहानी कह रहा है, वह मैं आपके सामने रखना चाहती हूं। यह पैराग्राफ छोटा सा है और पैराग्राफ का नम्बर है 5.12 अगर आपको लगे कि मैंने कहीं कागज ही बदल दिया है तो आप खुद मंगाकर देख लीजिएगा। इसका पृष्ठ—57 है। पहले तो मैं आपको यह बतादूं कि इन्होंने 40 ग्राम पंचायतों की स्टडी की थी। 19 ने तो कोई फंड यूटिलाईज ही नहीं किया। जिन्होंने किया है मैं उनका जिक्र कर रही हूं, यानी जो सफलता की कहानी है, मैं उसका जिक्र कर रही हूं।

"The Gram Panchayats which had utilized the funds could provide employment to a person for an average number of 11.44 and 15.68 days during 1989-90 and 1990-91 respectively. This shows that the Joj-ana did not provide employment to the extent expected."

एक वर्ष में, 1989–90 के वर्ष में इस जवाहर रोजगार योजना की उन ग्राम पंचायतों ने जिसको सफलता कहा जा रहा है, उन्होंने 11.44 यानी पौने बारह दिन का रोजगार दिया और 1990–91 में इन ग्राम पंचायतों ने 15.68, मे 16 मान लेती हूं, 16 दिनों के लिए रोजगार दिया एक वर्ष में, एक महीने में नहीं । यानी इस जवाहर रोजगार योजना ने एक वर्ष में पौने बारह दिन और 16 दिन का रोजगार दिया जिसने बाकी तमाम ग्रामीण विकास के कार्यक्रम समाप्त करा दिए थे और सारा पैसा इधर डाईवर्ट करा दिया गया था । यह है उस योजना की सफलता की मुंहबोली कहानी ।

महोदय, पृष्ठ 59 पर पैराग्राफ 5.23 है, मैं चाहूंगी कि इस बात को आप ध्यान से सुनें क्योंकि इस विषय में आपकी रुचि है और इस विषय को आप बहुत अच्छे ढंग से समझते हैं इसलिए मैं खास तौर पर आपका ध्यान आकर्षित करके कहना चाहती हूं । वह तो था केवल रोजगार के संबंध में और अब जो मैं आपको पढ़कर सुना रही हूं उससे आपको पता लगेगा कि कार्यकारी एजेंसी उनके नियंत्रण में न होने पर उसका क्या असर पडता है । सुनिए–

"At the Gram Panchayta level it was felt that wage-material ratio was not workable. The Panchayt Secretry was over worked*"

यह जो ग्राम सचिवों के माध्यम से काम करवाते हैं आप उनके बारे में लिखा हुआ है कि–

"The Panchayat Secretary was overworked."

जब प्रशासनिक मशीनरी दूसरी होती है तो क्या होता है –

"And the Plan of Action was, instead of being prepared by the Gram Panchayat, was prepared by the Block agency."

यानी जो उस क्षेत्र की जरूरतें थी उन जरुरतों को ब्लाक समझता नहीं था, उनकी अनदेखी करके योजनायें बनाई गई ।

"The Plan of Action, instead of being prepared by the Gram Panchayat, was prepared by the Block agency, thereby ignoring the felt needs of the area."

क्योंकि प्रशासनिक अधिकारियों पर ग्राम पंचायतों का कोई नियंत्रण नहीं तो–

"And in respect of technical problems at the Gram Panchayat level, it was felt that technical guidance was not available. The measurement of works was delayed and the opertional area of the Junior Engineer was too big."

यानी जो जे.ई. उस एरिया में काम कर रहा था उसका एरिया इतना ज्यादा था कि वह ध्यान ही नहीं दे सकता था । इसलिए मैं आपसे कहना चाहती हूं कि इन वित्तीय अधिकारों और प्रशासनिक अधिकारों को जब तक आप पंचायतों और नगरपालिकाओं को नहीं देंगे तब तक आपका ये किया हुआ चुनाव, ये बनाई हुई संस्थायें भी निष्प्रभावी हो जाएंगी ।

शीला कौल जी बैठी हुई हैं, ग्रामीण विकास मंत्री जी चले गए हैं, तो मैं थोड़ा सा नगरपालिकाओं का जिक्र करना चाहूंगी ... (व्यवधान)

उपसभाध्य (श्री शंकर दयाल सिंह) : सुषमा जी, ऐसा है साढ़े चार बजे से पांच बजे तक का समय वोटिंग के लिए निर्धारित है ... (व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : एक बजे लिया जाना भी निर्धारित था । वह दो बजे शुरू हुआ तो इसको आगे बढ़ाना पड़ेगा ... (व्यवधान)

SHRI V. GOPALSAMY: We should have started by one o'clock itself. We were given to understand that the discussion would start at one o'clock and four hours were allotted for the debate.

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : मैं उसका विरोध नहीं कर रहा हूं। मैं केवल आपका ध्यान उसकी ओर आकर्षित करना चाहता हूं यह मेरा कर्तव्य है।

श्रीमती सुषमा स्वराज : मैं भी आप ध्यान इस ओर दिलाना चाहती हूं कि निर्धारित अवधि पर बिल नहीं लिया गया इसलिए उतना समय तो बढ़ाना ही पड़ेगा आपको ।

SHRI V. GOPALSAMY; Sir, we were given to undersatnd that the debate would be for four hours. So, had it started at one o'clock, voting could take place at five o'clock. It started late.. *(Interruptions)* ..

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : मैं केवल आपका ध्यान दिला रहा था ।

श्रीमती सुषमा स्वराज : बहुत अच्छा हुआ आपने ये ध्यान दिलाया । तभी तो मैं भी ध्यान दिला सकी कि समय पर बिल नहीं लिया गया इसलिए उतना समय तो आपको बढ़ाना ही पड़ेगा ।

तो मैं नगरपालिकाओं का जिक्र कर रही थी क्योंकि उसका बड़ा सीधा संबंध मुझ से है । मैं हरियाणा विधान सभा में शहरी कांस्टीट्यूयेंसी को रिप्रेजेंट करती रही हूं । नगलपालिकाओं की हालत तो यह हैं उनके पास तनख्वाह देने के लिए पैसे नहीं हैं, विकास का काम करना तो बहुत दूर की बात है । जितनी रेवेन्यू उनके पास आती है वह तनख्वाह देने में निकल जाती है । राज्य सरकारों से वह ग्रांट के लिए भिखारी की तरह झोली फालाये खड़ी रहती है । राज्य सरकारों के पास वैसे ही रिसोर्स कंस्ट्रेंटस हैं । उनके पास स्वयं साधन नहीं हैं, वह पैसा नहीं दे पाती । इसलिए नगरपालिका क्षेत्र में यदि सड़क कहीं टूटती है तो उसको ठीक करना तो दूर कल को उसमें इतना बड़ा गड्ढा मिलेगा, उसकी मरम्मत भी नहीं हो सकती। इसीलिए नगलरपालिकाओं के चुने हुए प्रतिनिधि जहां रहते हैं उन वार्डों में उनके पड़ोसी आकर उनसे कहते हैं कि इसीलिए तुमको चुना था कि सड़कें टूटी पड़ी हैं, ट्यूबलाइट नहीं हैं । उनको बदलना या सोडियम लाइट लगाना तो दूर वह बल्ब भी नहीं लगा सकते । उसी उदाहरण को सामने रखते हुए यह बात पंचायतों में भी होने जा रही हैं । जैसे वहां पर चुने हुए प्रतिनिधियों को लोग जीने नहीं देते कैसे ही हीं पंचायतों में भी होगा । उनके पास मजबूरी के अलावा कुछ नहीं है । उनके पास पैसा नहीं है । लोग कहते हैं इस्तीफा दे दो । क्या तुमको इसलिए कारपोरेटर बनाया था कि तुम पर तमगा लग जाए, इसलिए तुम आए कि अपने नाम के आगे आगु एम.सी लिखने लगो । उनके मन में इच्छा शक्ति है, उनके अंदर जोश भी है, लेकिन नगरपालिकाओं के पास पैसा नहीं है । तो वित्तीय अधिकार, प्रशासनिक अधिकार जब तक आप नहीं देंगे तब तक इनका लक्ष्य पूरा ननहीं होगा ।

जहां तक ग्रामीण विकास का सवाल है, मंत्री कहीं उठकर गए हैं, तो मैं कहती हूं कि यह मंत्रालय ही चला जाना चाहिए । मैं बहुत सीरियसली इस बात को कह रही हूं । अगर वाकई इस बिल से हिन्दुस्तान की शासन व्यवस्था में सुधार चाहते हैं, अगर वाकई आप इस देश की पंचायतों को एक इकाई के रूप में काम करने देना चादते हैं, तो ग्रामीण विकास मंत्रालय का कोई काम नहीं है । सारे के सारे अधिकार पंचायतों को दे दीजिए । पंचायत अपने ढंग से काम करके आपको दिखायेगी । ग्रामीण विकास मंत्रालय पर जितना खर्च हो रहा है वह अपने आप में काफी होगा पंचायतों के लिए । जितना पैसा आप मंत्रालय को दे रहे हैं उतना पैसा गांवों के विकास पर खर्च होगा । आज कृषि भवन के अन्दर ग्रामीण विकास मंत्रालय है जिसके ऊपर करोडों, अरबो, रुपए खर्च हो रहे हैं । उस मंत्रालय का बोरिया बिस्तरा बांध द, उस मंत्रालय पर होने वाले खर्च को हिन्दुस्तान की पंचायतों को दे दें। ग्रामीण विकास मंत्रालय के रहने से

उनका कल्याण नहीं होगा । यह बात मैं बहुत दृढ़ता के साथ कहना चाहती हूं ।

